एक नजर में

समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी के लिए केंद्र निर्धारित

खंडवा । कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2025 में ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन के लिए समर्थन मूल्य 8682 निर्धारित किया गया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित जिला उपार्जन समिति की बैठक में खंडवा जिले में उपार्जन के लिए केंद्रों का निर्धारण किया गया है । उपसंचालक कृषि ने बताया कि शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति अनुसार ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी के लिए जो केंद्र बनाए गए हैं उनमें 7 जुलाई से 8 अगस्त तक ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी की जाएगी । उन्होंने बताया कि जो खरीद केंद्र बनाए गए हैं उनमें सेन्ट्रल वेयर हाउस आनंद नगर खण्डवा, वर्मा वेयर हाउस कोरगला, श्री बालाजी एण्ड ग्रेडिंग वेयर हाउस केहलारी, जय भोले वेयर हाउस गुडीखेडा, पटेल वेयर हाउस छनेरा, महावीर एग्रो वेयर हाउस पिपलानी, महादेव वेयर हाउस खेरखेडा, अन्नपूर्णा एग्रो वेयर हाउस किल्लोद, सीड्स एण्ड ग्रेन्स वेयर हाउस करोली, अक्षिता वेयर हाउस पुनासा, दिव्य शक्ति वेयर हाउस जोगीबेडा और गणेश वेयर हाउस मल्हारगढ खालवा शामिल हैं ।

संगीता जैन पोरवाड़ सामाजिक जैन मंच की बनी निर्विरोध महिला अध्यक्ष

खंडवा । अंतर्राष्ट्रीय दिगंबर जैन पोरवाड़ सामाजिक मंच खंडवा झोन के द्वारा जुलाई माह के भक्तांबर पाठ का आयोजन शक्रवार को मंच सदस्य संगीता जैन के निज निवास पर किया गया ।मंच के मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि वर्तमान में खंडवा महिला अध्यक्ष के रिक्त पद के लिए नई महिला अध्यक्ष की नियुक्ति पर मुख्य कार्यकारिणी मंच अध्यक्ष समीर जैन की अनुमति एवं खंडवा झोन के समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं परामर्शदाता के उपस्थिति में अनामिका जैन ने अध्यक्ष पद के लिए संगीता सनद जैन का नाम प्रस्तावित किया गया एवं योगिता जैन ने उनके प्रस्तावित नाम का समर्थन किया उपस्थित सभी सदस्यगणों ने इस पर अपनी सहमति जताई एवं महिला अध्यक्ष पद के लिए एक मत होकर संगीता सनद जैन को खंडवा झोन का मनोनीत अध्यक्ष नियुक्त किया गया । नवनियुक्त अध्यक्ष संगीता सनद जैन ने कहा कि पोरवाड़ सामाजिक मंच द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी सौपी गई है उसे सबके सहयोग से बेहतर करने का प्रयास करूंगी । समाज के निर्धन बच्चों को स्वास्थ एवं शिक्षा संबंधित जो भी कठनाइया होगी उसमें उनका उचित सहयोग किया जाएगा । समाज के प्रतिभाशाली बच्चो की प्रतिभा निखारने का प्रयास समय समय पर उनको उचित मंच देकर किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष एवं मंच के परामर्शदाता वीरेंद्र भटयांण, मंच के पुरुष अध्यक्ष प्रेमांशु जैन अधिवक्ता, मनीष जैन, प्रेम जैन, सनद जैन, बेला जैन, नमिता जैन, योगिता जैन, लीना जैन, अनामिका जैन, स्वीटी चौधरी, शालू जैन, बरखा जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट 304 की 41वीं वार्षिक असेंबली का आयोजन

खंडवा । इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट 304 की वार्षिक असेम्बली भोपाल में आयोजित की गई । इनरव्हील क्लब खंडवा एवं इनरव्हील क्लब खंडवा स्पार्कल ने भाग लिया । इस अवसर पर अतिथि एसोसिएशन प्रेसिडेंट ज्योति महीपाल कलकत्ता से आई, उन्होंने इनरव्हील थीम को विस्तृत रूप से समझायाऔर सेवा कार्य करने के लिये सभी को प्रेरित किया । समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट 304 की मंडल अध्यक्ष विभा सिंह को प्रभार दिया गया मंडल उपाध्यक्ष वाईस चेयरमेन का पद खंडवा की आरती जैन को दिया गया । मंडल सचिव स्मिता बियानी, मंडल कोषाध्यक्ष तनु जैन ,मीनाक्षी शर्मा, प्रज्ञा तिवारी, मंडल संपादक ताप्ती राय यादव को पदभार सौपा गया । इस अवसर पर वाईस चेयरमेन आरती जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा की समर्पण और एकता से मुश्किल काम भी सहजता से किये जा सकते हैं, इस आयोजन में मंडल 304 के 300 सदस्य उपस्थित हुए, इस आयोजन में इनरव्हील क्लब खंडवा की अध्यक्ष श्वेता गोयल, सचिव प्रीत खंडपुरे, पीडीसी बिना शाह, पूर्व अध्यक्ष स्नेहा पटेल, इनर व्हील क्लब खंडवा स्पार्कल की अध्यक्ष दीपमाला पांडे, सचिव मोना थापक, पूर्व अध्यक्ष संगीता जैन, रविंद्र सलूजा, दुर्गा वाघमारे ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया और आरती जैन को डिस्ट्रिक्ट वाइस चेयरमैन बनने के लिए बधाइयां दी ।

श्री गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में निकाली श्री दादाजी की पावन भव्य निशान यात्रा

खंडवा । किशोर नगर रहवासी संघ के सयुंक्त तत्वावधान एवं श्री मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर पुजारी पं मनोज उपाध्याय के सानिध्य में श्री गुरुपूर्णिमा उत्सव के उपलक्ष्य में श्री धुनीवाले दादाजी की भव्य निशान यात्रा किशोर नगर स्थित श्री मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर से रविवार प्रात : 6 बजें ढोल ढमाकों की मधुर स्वर लहरी एवं भजलो दादाजी का नाम भजलो हरिहर जी का नाम के जय घोष के साथ श्री दादाजी धुनीवाला धाम तक निकाली गयी । यह जानकारी देते हुए प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि किशोर नगर रहवासी संघ वर्षों से धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समाज में भक्ति, एकता और सेवा का दीप प्रज्वलित करता आ रहा है । ताकि सभी श्रद्धालुजनों को एक साथ जोड़कर गुरु भक्ति की अनुभूति कराई जा सके । श्री मनोकामनेश्वर मातृशक्ति समिति अध्यक्ष निशा दुबे ने बताया कि इस भव्य निशान यात्रा के दौरान बडी श्रध्दा एवं आस्था के साथ क्षेत्र की मातृशक्ति अपने हाथों में निशान लेकर पारम्परिक वेशभूषा में शामिल हुई । निशान यात्रा के दौरान किशोर नगर रहवासी संघ, श्री मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति, श्री मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर मातृशक्ति समिति, सुभाष नगर मातृशक्ति समिति एवं श्री सिध्देश्वर गणेश मंदिर मातृशक्ति समिति सहित समस्त क्षेत्र समिति पदाधिकारियों, सदस्यों ने पावन यात्रा में सपरिवार सहभागी होकर श्री दादाजी की कृपा के भागी बनें ।

विट्ठल मंदिर में भजनों पर झूम रहे भक्त

प्रदेश का पहला मंदिर जहां पर्व के दौरान 7 दिनों तक 24 घंटे अखंड भजनों की होती है प्रस्तुतियां

नवभारत न्यूज

खंडवा । आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन प्रात: काल से रात्रि तक विट्ठल मंदिर में श्रद्धालुओं का ताँता लगा रहा बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने भी उपस्थित होकर भगवान के दर्शन कर भजनों का आनंद लिया । प्रदेश का पहला प्राचीन विट्ठल मंदिर है जहां नाम सप्ताह पर्व के दौरान 7 दिनों तक 24 घंटे अलग-अलग भजन मंदिरों द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुतियां दी जा रही है ।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि घंटाघर स्थित प्राचीन विट्ठल मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नाम सप्ताह पर्व का आयोजन प्रारंभ हो चुका है । प्रति दिन राम श्याम आष्टेकर परिवार द्वारा विट्ठल भगवान का श्रृंगार एवं आरती की जा रही है वही 24 घंटे खंडवा एवं ग्रामीण क्षेत्र की अलग-अलग भजनों द्वारा भजनों की प्रस्तुति उत्साह के साथ प्रस्तुत की जा रही है । दोपहर 1 से 3 शहर के अलग अलग महिला मंडल आकर उत्सव को सफल बना रही है

उत्सव में भजन कीर्तन गायन के साथ साथ श्रोता भक्त भाव विभोर होकर नृत्य का रहे है , सभी मंडल में बालक बालिका कृष्ण रुक्मणि वेशभूषा में तैयार होकर नाचते दिखते है तो कभी किसी मंडल में फुगड़ी खेलते दिखाई पड़ता है ।

सुनील जैन ने बताया कि विट्ठल मंदिर में शहर के कई अलग अलग हिन्दू समाज के लोग आकर उत्सव को बहुत आनंद पूर्वका मना रहे है । उत्सव में प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में भगवान का आकर्षक श्रृंगार होता है । 6 जुलाई रविवार को विट्ठल मंदिर में आषाढी एकादशी मनाई गई । इसे देवशयनी एकादशी भी कहा जाता है,

भगवान विट्ठल (श्री कृष्ण का एक रूप) के भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह पंढरपुर में वारी (तीर्थयात्रा) की शुरुआत का प्रतीक है, जो चातुर्मास के दौरान होती है, जिसमें भक्त भगवान की पूजा और भक्ति में खुद को समर्पित करते हैं. आषाढी एकादशी यह दिन भगवान विट्ठल के प्रति गहरी भक्ति और समर्पण का प्रतीक है । एकादशी के दिन रविवार को विट्ठल मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ ही हजारों की संख्या में मातृशक्ति ने उपस्थित होकर भगवान विट्ठल रुखमाई के दर्शन कर महिला मंडल द्वारा गाए जा रहे भजनों का आनंद लिया ।

स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

खंडवा । जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों की बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार व रैफर सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में दस्तक अभियान का प्रथम चरण का 22 जुलाई से 16 सितंबर तक आयोजित होगा । विकासखण्ड खालवा व किल्लौद के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों कोदस्तक अभियान का एक दिवसीय प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में शनिवार को दिया गया ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रशिक्षण में कहा कि डायरिया बीमारी से बढ़ती शिशु मृत्यु दर को ध्यान में रखते हुए यह स्टॉप डायरिया कैम्पेन सह दस्तक अभियान प्रारंभ किया गया है ।

यह अभियान डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान की थीम पर आधारित है । दस्तक अभियान के तहत जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों में गंभीर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, डिहाईड्रेशन और संक्रमण की पहचान त्वरित उपचार एवं आवश्यकता अनुसार रेफरल के साथ साथ विटामिन ए की खुराक दी जायेगी । अभियान के दौरान ओ .आर .एस . पैकेट व जिंक टेबलेट का वितरण किया जायेगा । स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास के संयुक्त दल जिसमें कि एन .एन .एम . आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा 5 वर्ष तक के बच्चों को आगंनवाड़ी केन्द्रों व स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं के माध्यम से बच्चों में पाई जाने वाली बीमाारियों की सक्रिय पहचान एवं उचित प्रबंधन किया जाएगा ।

प्रशिक्षण के दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ . अनिल तंतवार ने समझाया कि सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर जन्म से 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा छूटे नहीं, इसके लिए दस्तक पोर्टल पर शत प्रतिशत एंट्री करें ।

मूंग उपार्जन के लिए जिला उपार्जन समिति गठित

नवभारत न्यूज

खंडवा । कृषि विभाग के निर्देश अनुसार विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग फसल पंजीयन एवं उपार्जन के लिए जिला स्तरीय उपार्जन समिति गठित की गई है ।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि समिति के अध्यक्ष कलेक्टर ऋषव गुप्ता हैं । सदस्य सचिव के रूप में समिति में उपसंचालक कृषि को शामिल किया गया है । इस समिति में सदस्य के रूप में उप आयुक्त, सहकारी संस्था, जिला लीड बैंक अधिकारी खंडवा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खंडवा, जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड , मध्य प्रदेश वेयरहाउस कॉरपोरेशन की जिला मुख्यालय की शाखा प्रबंधक, अधीक्षक भू अभिलेख, सचिव कृषि उपज मंडी समिति, जिला आपूर्ति अधिकारी, नेफेड के प्रतिनिधि को शामिल किया गया है ।

यह जिला स्तरीय उपार्जन समिति पंजीयन एवं उपार्जन के समस्त प्रक्रिया, स्टॉक की गुणवत्ता, पर्यवेक्षण तथा नीति के अंतर्गत कठिनाइयो का निराकरण करने हेतु उत्तरदायी रहेगी । अपर कलेक्टर जिला खंडवा को ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन कार्य हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है ।

उपखंड स्तरीय उपार्जन समिति गठित

कृषि विभाग के निर्देश अनुसार विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग फसल पंजीयन एवं उपार्जन के लिए उपखंड स्तरीय उपार्जन समिति गठित की गई है। उपसंचालक कृषि ने बताया कि समिति के अध्यक्ष संबंधित विकासखंड के एसडीएम रहेंगे । समिति में सदस्य सचिव के रूप में संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शामिल होंगे । समिति में सदस्य के रूप में संबंधित अनुभाग के

सहकारिता विस्तार अधिकारी, संबंधित खण्ड स्तरीय शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक, संबंधित खण्ड स्तरीय गोदाम प्रभारी मार्कफेड, खण्ड स्तरीय सचिव कृषि उपज मंडी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को शामिल किया गया है । यह उपखंड स्तरीय उपार्जन समिति पंजीयन एवं उपार्जन के समस्त प्रक्रिया, स्टॉक की गुणवत्ता, पर्यवेक्षण तथा नीति के अंतर्गत कठिनाइयो का निराकरण करने हेतु उत्तरदायी रहेगी ।

6 हजार किलोमीटर की साइकिल यात्रा पर निकले राजीव का बालाजी ग्रुप द्वारा भव्य स्वागत

नवभारत न्यूज

खंडवा । पूरे देशभर में धार्मिक स्थलों और दर्शनीय स्थलों की 6,000 किलोमीटर लंबी यात्रा पर निकले राजीव बराइली का आज बालाजी ग्रुप, खंडवा द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया । यह यात्रा देशवासियों की सुख-शांति एवं मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु भगवान के चरणों में समर्पित है ।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि राजीव पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के हैं और बालाजी भगवान के अनन्य भक्त हैं, वर्तमान में खंडवा जिले के श्री दिव्य बालाजी नगर, छैगांवमाखन पहुँचे, जहाँ 81 फीट ऊँची तिरुपति बालाजी भगवान की विशाल मूर्ति की स्थापना कार्य प्रगति पर है । इस पावन स्थल पर पहुंचकर राजीव अत्यंत भावविभोर हो उठे ।

राजीव ने भावुकता से कहा -जैसे ही उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से इस भव्य प्रतिमा के बारे में पता चला विशेष रूप से यहां दर्शन करने के लिए आए, साथ ही कहा कि मैंने पूरे भारतवर्ष की यात्रा की है, लेकिन जो खिंचाव और आध्यात्मिक ऊर्जा मुझे यहाँ दिव्य बालाजी नगर में अनुभव हुई है, वह कहीं और नहीं मिली । जब भी यह भव्य मूर्ति गर्भगृह में स्थापित होगी, मैं पुन: यहाँ आऊँगा । मैं प्रार्थना करता हूँ कि भगवान बालाजी, बालाजी ग्रुप की सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करें । सुनील जैन ने बताया कि बालाजी ग्रुप द्वारा राजीव का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया गया । ग्रुप के संस्थापक एवं समाजसेवी कॉलोनाइजर रितेश गोयल ने रात्रि विश्राम एवं भोजन की विशेष व्यवस्था की ।

इस अवसर पर बालाजी ग्रुप से रितेश गोयल, महेंद्र सिंह सावनेर, अंकित अग्रवाल, रवि अग्रवाल, सरपंच लखनलाल घोलकर, अमित गुप्ता, पिंकू अग्रवाल रोहित शेट्टी, सुनील मालवीय, अर्पित पुरी, अशोक कुमार सुखवाल, जितेंद्र पाटील, प्रीतम गोयल, सागर वर्मा, कीर्तिराज सिंह मौर्य, अजय अटूट, शिवेंद्र, सुयश आदि उपस्थित रहे । राजीव की यह यात्रा न केवल आध्यात्मिक समर्पण का प्रतीक है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि भगवान के प्रति श्रद्धा और सेवा का भाव ही सच्चे जीवन का मार्ग है ।

विधायक ने 18 टैंकर पंचायत को किए वितरित

खंडवा । निर्वाचित जनप्रतिनिधि का दायित्व होता है कि अपने क्षेत्र के विकास एवं क्षेत्र की जनता को मूलभूत सेवा उपलब्ध कराये साथ ही सरकार की योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचे उसकी चिंता करें । खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किया जा रहे हैं । करोड़ों रुपए के विकास कार्य क्षेत्र में चल रहे हैं । अपने शासकीय निवास पर बैठकर प्रतिदिन वे क्षेत्र की जनता की समस्या को सुनकर उसका निराकरण भी करती है । समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे क्षेत्र के दौरे के समय देखा कि गर्मी के दिनों में कई गांव में पानी का संकट रहता है इसको देखते हुए उन्होंने तत्काल करोड़ों रुपए के 18 गांव के लिए आधुनिक टैंकर विधायक निधि से स्वीकृत कर 18 ग्राम पंचायत को टैंकर वितरित किए ।

अष्टानिका पर्व 10 को निकलेगी रथ यात्रा, सामाजिक बंधुओ ने नवकार नगर के लिए मुनि संघ को श्रीफल भेंट किया

जैन मंदिरों में अष्टानिका पर्व धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा

नवभारत न्यूज

खंडवा । राग और कर्म मनुष्य के सबसे बडे शत्रु हैं ,राग के चलते जीव अपने और अपनों के सभी दोष छुपा लेता है, यही राग कर्मबंध कर लेता है । देव शास्त्र और गुरु से अनुराग कर राग को समाप्त कर ही सम्यक दर्शन की और जाया जा सकता है । इसकै लिये निर्विचिकित्सा अंग अर्थात ग्लानिभाव समाप्त करने का भाव रखना होगा ।

यह उदगार चल रही नित्य प्रवचन माला में प्रवचन देते विश्रुत सागर महाराज ने व्यक्त किये । मुनिश्री ने कहा कि सज्जन का कोई मित्र अथवा शत्रु नही होता ! वह निर्मोही और गुणोपासक होता है ! समाज अथवा परिवार की प्रगति मैत्री से होती है, जहां मैत्री नही वहां प्रगति नही हो सकती । मनुष्य जीव सम्यक दर्शन, उत्तम ज्ञान, एवं चारित्र्य से पवित्र होता है , जहां देह अपनी नहीं वहां न अपना कोय, अर्थात चर्म अथवा देह से अनुराग करने की जगह गुणों का अनुराग करने वाला जीव सम्यक दृष्टि होता है ।

समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि हर्ष का विषय है कि इस वर्ष चातुर्मास के लिए मुनि श्री विश्रुत सागर एवं निवेद सागर जी महाराज का हमें सानिध्य प्राप्त हुआ है है धार्मिक अनुष्ठानों एवं प्रवचनों के माध्यम से प्रतिदिन धर्म प्रभावना हो रही है । प्रतिदिन मुनि संघ के प्रवचन प्रात: काल आयोजित हो रहे हैं । सराफा पोरवाड़ दिगम्बर जैन धर्मशाला में चल रही प्रवचन माला में प्रवचन के पश्चात बडी संख्या में उपस्थित होकर नवकार नगर में मुनिसंघ के चातुर्मास हेतु निवेदन किया ।

मुनि सेवा समिति के प्रचार मंत्री सुनील जैन प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि पूज्य मुनिसंघ दो पिच्छी चातुर्मासिक धर्म प्रभावना हेतु खंडवा में विराजित है । प्रतिदिन प्रात: 8.30 बजे से सराफा पोरवाड़ दिगम्बर जैन धर्मशाला मे प्रवचन लाभ लिया जा सकता है ।

इन दोनों अष्टानिका पर्व के दौरान खंडवा के समस्त दिगंबर जैन मंदिरों में मंडल विधान की पूजा के साथ श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा की जा रही है । पर्व के समापन के अवसर पर 10 जुलाई को शहर में श्री जी की रथ यात्रा मुनी संघ के सानिध्य में निकाली जाएगी । रविवार को पूज्य मुनिसंघ की आहार व्यवस्था का पुण्यार्जन साधना राजेश पाटनी एवं शानू योगेंद्र जैन परिवार ने प्राप्त किया ।